**कार्यालय अपर नगर मजिस्ट्रेट (द्वितीय)/जन सूचना अधिकारी (कलेक्ट्रेट), वाराणसी।**

संख्याः 29/जनसूचना/2026-27 दिनांकः-18.05.2026

**श्री संजय कुमार केशरी (9628872872)**
**पता-मौजा केशरीपुर प0दे0अ0,**
**जिला-वाराणसी।**

जनसूचना अधिकार अधिनियम-2005 के अन्तर्गत आप द्वारा प्रस्तुत आवेदन पत्र दिनांक-**13/05/2025** के माध्यम से मांगी गयी वांछित सूचना-**प्रभारी अधिकारी लोक शिकायत, वाराणसी**के द्वारा उपलब्ध करायी गई है, जो मूल रूप में संलग्न कर प्रेषित है। कृपया तद्नुसार सूचना प्राप्त करने का कष्ट करें।

**नोट-"उ0प्र0 में सूचना का अधिकार अधिनियम के अन्तर्गत आवेदनों/प्रथम अपीलों को ऑनलाइन प्राप्त कर निस्तारित किए जाने हेतु एक वेब पोर्टल https://rtionline.up.gov.in विकसित किया गया है। भविष्य में जन सूचना के लिए आवेदन/प्रथम अपील करने हेतु आप उक्त वेब पोर्टल का उपयोग कर सकते है।"**

संलग्नक-उपरोक्तानुसार।

अपर नगर मजिस्ट्रेट (द्वितीय)/
जन सूचना अधिकारी (कलेक्ट्रेट)
वाराणसी।

4.5.26

597/लो०शि०वि०

# कार्यालय प्रभारी अधिकारी अभिलेखागार (राजस्व) वाराणसी।

पत्रांक– 1881 /अभिलेखागार–2026 दिनांक– 2 मई, 2026

**प्रभारी अधिकारी (लोक शिकायत),**
**कलेक्ट्रट, वाराणसी।**

महोदय,

सादर अवगत कराना है कि आपके कार्यालय पत्र संख्या–597/लो0शि0 दिनांक 18.03.2026 का सन्दर्भ करने का कष्ट करे, जिसमें श्री संजय कुमार केशरी पार्टनर डी एम एस एसोसिएट्स वाराणसी जिलाधिकारी महोदय को सम्बोधित करते हुये शिकायती प्रार्थना पत्र प्रस्तुत किया है कि मौजा केशरीपुर परगना कटेहर तहसील सदर जिला वाराणसी स्थित गाटा संख्या 626 की नकल प्रभारी अधिकारी राजस्व अभिलेखागार कलेक्ट्रेट वाराणसी को उक्त आराजी के नक्शा नजरी के प्रमाणित प्रति हेतु प्रार्थना पत्र प्रस्तुत किया था, जिसमें ए0आर0के0एल0आर0 कलेक्ट्रेट–वाराणसी द्वारा दिनांक 11.07.2025 को यह आख्या प्रस्तुत की गयी है कि उक्त अभिलेख जीर्ण–शीर्ण व टूकड़े–टूकड़े में है। इस कारण प्रार्थी को फसली वर्ष 1291 बन्दोबस्त नक्शा की प्रमाणित नकल जारी नही की गयी है, का उल्लेख अपने शिकायती प्रार्थना पत्र में किया गया है।

शिकायती प्रार्थना पत्र में उल्लिखित तथ्यों के सम्बन्ध में ए0आर0के0 एल0आर0 से आख्या ली गयी। ए0आर0के0एल0आर0 ने अपनी आख्या दिनांक 06.04.2026 में उल्लेख किया गया है कि मौजा केशरीपुर परगना देहात अमानत तहसील सदर जिला वाराणसी 1291 फ0 का बन्दोबस्ती नक्शा जीर्ण शीर्ण है।

शिकायती प्रार्थना पत्र के कम में उल्लिखित किये गये कथन एवं ए0आर0के0एल0आर0 की आख्या के अवलोकन से स्पष्ट है कि मौजा केशरीपुर परगना देहात अमानत तहसील सदर जिला वाराणसी की फसली वर्ष 1291 का नक्शा जीर्ण–शीर्ण है। ऐसी स्थिति में अभिलेख जीर्ण–शीर्ण होने के कारण नकल जारी नही की गयी।

शिकायती प्रार्थना निक्षेपित किये जाने हेतु आख्या सादर सेवा में प्रेषित।

**संलग्नक– उपरोक्तानुसार।**

**अपर नगर मजिस्ट्रेट (द्वितीय),**
**वाराणसी।**

7.5.26

597/लो०शि०वि०/18.3.26

सेवा में,

श्रीमान् जिलाधिकारी,

वाराणसी।

विषयः-रेरा अध्यक्ष द्वारा प्रमाणित नजरी नक्शा बाबत ग्राम केशरीपुर, परगना देहात अमानत, तहसील सदर, जिला वाराणसी, मांगे जाने के सम्बन्ध में:-

महोदय,

निवेदन है कि मुझ प्रार्थी संजय कुमार केशरी पार्टनर डी एम एस एसोसिएट्स, वाराणसी द्वारा आराजी नम्बर 626 स्थित मौजा केशरीपुर, परगना देहात अमानत, तहसील सदर, जिला वाराणसी के सन्दर्भ में वाराणसी विकास प्राधिकारण वाराणसी द्वारा उपरोक्त भूमि का ले आउट पास कराया गया है जो कि फाईल नं0-VDA/LD23-24/0427 दिनांक 30.04.2024 द्वारा स्वीकृत किया गया है।

उपरोक्त भूमि के बाबत वाराणसी विकास प्राधिकारण वाराणसी द्वारा लेआउट पास हो जाने के पश्चात मुझ प्रार्थी ने RERA AUTHORITY के समक्ष पंजीकरण हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है जिसमें आराजी नम्बर 626 स्थित मौजा केशरीपुर, परगना देहात अमानत, तहसील सदर, जिला वाराणसी के बाबत बन्दोबस्त नक्शा नजरी के प्रमाणित प्रतिलिपि भी प्रस्तुत करना था। प्रार्थी ने माननीय नकल प्रभारी राजस्व अभिलेखागार कलेक्ट्रेट वाराणसी को दिनांक 17.06.2025 को उपरोक्त आराजी के नक्शा नजरी की प्रमाणित प्रतिलिपि की नकल हेतु प्रार्थना पत्र प्रस्तुत किया था। उपरोक्त प्रार्थना पत्र ए आर के (एल0आर0) कलेक्ट्रेट वाराणसी दिनांक 11.07.2025 को यह आख्या प्रस्तुत की गयी की "उक्त अभिलेख जीर्ण-शीर्ण व टुकडे-टुकडे में है।" उक्त आख्या के फलस्वरूप प्रार्थी को फसली वर्ष 1291, बन्दोबस्त नक्शा नजरी की प्रमाणित प्रतिलिपि नहीं जारी की गयी।

श्रीमान् जी

उक्त अभिलेख जीर्ण-शीर्ण व टुकड़े-टुकड़े में है।

A.R.K. (L.R.)

कलेक्ट्रेट, वाराणसी

प्रार्थी ने लेखपाल क्षेत्र- केशरीपुर, तहसील सदर, वाराणसी से तरमीमी नक्शे के आधार पर बन्दोबस्त आराजी नम्बर 626 स्थित मौजा केशरीपुर, परगना देहात अमानत, तहसील सदर, जिला वाराणसी की प्रमाणित प्रतिलिपि **RERA AUTHORITY** के समक्ष प्रस्तुत की ए आर के (एल0आर0) कलेक्ट्रेट वाराणसी की रिपोर्ट के साथ प्रस्तुत की। परन्तु प्रार्थी के उपरोक्त आराजी के बाबत रेरा रजिस्ट्रेशन बन्दोबस्त नक्शा नजरी की प्रमाणित प्रतिलिपि के अभाव में नहीं किया गया है।

अतः माननीय महोदय से विनम्र निवेदन है कि उपरोक्त वर्णित तथ्यों के आधार पर माननीय अध्यक्ष रेरा, लखनऊ से उचित पत्राचार कर प्रार्थी के उपरोक्त पंजीकरण के सम्बन्ध में नियमतः सूचना उपलब्ध कराये जाने का आदेश प्रदान करें, प्रार्थी आपका आभारी रहेगा।

दिनांकः-18.03.2026

प्रार्थी

संजय कुमार केशरी

पार्टनर डी एम एस एसोसिएट्स,

वाराणसी।

मो0नं0-9628872872

संलग्नकः-

1. फोटो प्रति ए आर के (एल0आर0) कलेक्ट्रेट वाराणसी की रिपोर्ट।
2. वाराणसी विकास प्राधिकरण वाराणसी द्वारा लेआउट स्वीकृति पत्र।
3. फोटो प्रति बाबत तरमीमी नक्शा बाबत आराजी नम्बर 626 स्थित मौजा केशरीपुर, परगना देहात अमानत, तहसील सदर, जिला वाराणसी।